नवोदय विद्यालय समिति

द्वितीय प्री - बोर्ड परीक्षा

(2023-24)

कक्षा 10

विषय- हिन्दी (002) कोर्स अ

समय 3 घंटे पूर्णांक 80

सामान्य निर्देश

- इस प्रश्न-पत्र में दो खंड है- 'अ' और 'ब'। खंड 'अ' में वस्तुपरक/बहुविकल्पीय और खंड 'ब' में वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
- प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- खंड 'अ' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- खंड 'ब' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए

## खंड अ (बहुविकल्पी /वस्तुपरक)

**प्रश्न 1** निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1 × 5 = 5)

लोगों का मानना है कि बाल-श्रम जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का दायित्व सिर्फ सरकार का है। यदि सरकार चाहे तो कानून का पालन न करने वालों एबं कानून भंग करने वालों को सजा देकर बाल-श्रम को समाप्त कर सकती है, कितु वास्तव में ऐसा करना असंभव है। हमारे घरों में, ढाबों में, होटलों में अनेक बाल-श्रमिक मिल जाएँगे, जो कड़ाके की ठंड और तपती धूप की परवाह किए बगैर काम करते हैं। हमें सोचना होगा कि सभ्य समाज में यह अभिशाप अभी तक क्यों विद्यमान है? क्यों तथाकथित सभ्य एवं सुशिक्षित परिवारों में नौकरों के रूप में छोटे बच्चों को पसंद किया जाता है? क्यों आर्थिक रूप से सशक्त लोगों को घर के कामकाज हेतु गरीब एवं गाँव के बाल-श्रमिक ही पसंद आते हैं? आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकारी स्तर से लेकर व्यक्तिगत स्तर तक सभी लोग इसके प्रति सजग रहें और बाल-श्रम के कारण बच्चों का बचपन न छिन जाए, इसके लिए कुछ सार्थक पहल करें।हमें आज ही बालश्रम के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और जहाँ कोई बच्चा हमें बाल मजदूरी करते हुए मिले उसकी शिकायत हमें नजदीकी पुलिस स्टेशन में करनी चाहिए। बालश्रम को खत्म करना केवल सरकार का ही कर्त्य नहीं है, हमारा भी कर्तव्य है। बालश्रम एक बहुत बड़ी सामाजिक समस्या है। इस समस्या को सभी के द्वारा जल्द-से-जल्द खत्म करने की जरूरत है। अगर जल्दी ही इस समस्या पर कोई कदम नहीं उठाया गया तो यह पूरे देश को दीमक की तरह खोखला कर देगी। बच्चे ही हमारे देश का भविष्य है अगर उन्हीं का बचपन अँधेरे और बालश्रम में बीतेगा तो हम एक सुदृढ़ भारत की कल्पना कैसे कर सकते हैं। अगर हमें नए भारत का निर्माण करना है तो बाल मजदूरी को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा। यह सिर्फ हमारे और सरकार के सहयोग से ही संभव है। इसलिए हम सबका दायित्व है कि इनकी दशा-परिवर्तन हेतु मनोयोगपूर्वक सार्थक प्रयास करें, जिससे राष्ट्र के भावी नागरिकों के बालपन की स्वाभाविकता बनी रहे।

**(i)** निम्नलिखित कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए। देश को सार्थक पहल करने की आवश्यकता है, जिससे

1. बाल-श्रम के कारण बच्चों को शिक्षा न मिल जाए।
2. बाल-श्रम के कारण बच्चों का बचपन न छिन जाए।
3. बाल-श्रम के कारण बच्चों को खुशियाँ मिल जाएँ।
4. बाल-श्रम के कारण बच्चे विकलांग न हो जाएँ।

कूट

(क ) केवल 2 सही है (ख ) 1 और 2 सही हैं

(ग ) 3 और 4 सही हैं (घ ) 2 और 3 सही हैं

**(ii)** गद्यांश के आधार पर बताइए कि लोगों की विचारधारा कैसी है?

(क) बाल-श्रम को समाप्त करना केवल सरकार का दायित्व है

ख ) बाल-श्रम को समाप्त करना केवल लोगों का दायित्व है

(ग) बाल-श्रम को समाप्त करना केवल बाल-श्रमिकों का दायित्व है

(घ ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(**iii)** सभ्य समाज में आज भी कौन-सा अभिशाप व्याप्त है?

(क) बाल-श्रम का (ख) सामाजिक कुरीतियों का

(ग ) सशक्तता का (घ ) इनमें से कोई नहीं

(**iv)** 'इनकी दशा-परिवर्तन हेतु मनोयोगपूर्वक सार्थक प्रयास करें' वाक्य में 'इनकी' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(क) बाल-श्रमिकों के लिए (ख) सभ्य लोगों के लिए

(ग ) सुशिक्षित लोगों के लिए (घ ) पिछड़े लोगों के लिए

(**v** ) कथन (A) छोटे बच्चों को सभ्य एवं सुशिक्षित परिवारों में नौकरों के रूप में पसंद किया जाता है।

कारण (R) बाल-श्रमिक आसानी से कम पैसों में मिल जाते हैं।

(क ) कथन A गलत है, किंतु कारण R सही है।

(ख ) कथन A और कारण R दोनों ही गलत हैं।

(ग ) कथन A और कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

(घ ) कथन A और कारण R दोनों सही हैं, परंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं करता है।

-प्रश्न 2.

निम्नलिखित काव्यांशों पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1 × 5 = 5)

जो बीत गई सो बात गई,

जीवन में एक सितारा था माना, वह बेहद प्यारा था, वह डूब गया तो डूब गया

अंबर के आनन को देखो, कितने इसके तारे टूटे कितने इसके प्यारे छूटे,

जो छूट गए फिर कहाँ मिले पर बोलो टूटे तारों पर, कब अंबर शोक मनाता है?

जो बीत गई सो बात गई।

जीवन में वह था एक कुसुम, थे उस पर नित्य निछावर तुम वह सूख गया तो सूख गया,

मधुबन की छाती को देखो सूखी कितनी इसकी कलियाँ, मुरझाईं कितनी वल्लरियाँ जो मुरझाई फिर कहाँ खिलीं, पर बोलो सूखे फूलों पर कब मधुबन शोर मचाता है? जो बीत गई सो बात गई।

जीवन में मधु का प्याला था, तुमने तन-मन दे डाला था वह टूट गया तो टूट गया, मदिरालय का आँगन देखो कितने प्याले हिल जाते हैं, गिर मिट्टी में मिल जाते हैं जो गिरते हैं कब उठते हैं, पर बोलो टूटे प्यालों पर कब मदिरालय पछताता है?

जो बीत गई सो बात गई।

(i ) इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए।

1. हमें बीती हुई दुःखद यादों पर शोक नहीं मनाना चाहिए।

2. बीती बातों को याद करते रहना चाहिए।

3. बीती हुई बातों पर पछतावा करते रहना चाहिए।

4. बीत गए वक्त के वापस लौट आने का इंतजार करते रहना चाहिए।

कूट

(क ) केवल 1 सही है (ख ) 1 और 3 सही है

(ग ) 1,3 और 4 सही है (घ ) 1,2,3 और 4 सही हैं

(ii ) अंबर के शोक मनाने से क्या आशय है?

क ) आकाश टूटे तारों पर शोक नहीं मनाता

(ख ) आकाश टूटने वाले तारों की गिनती रखता है

(ग ) आकाश टूटे तारों पर शोक मनाता है

(घ ) आकाश में तारे टूटते ही रहते हैं

(iii) काव्यांश में 'सूखे फूल' व 'मधुबन' किसके प्रतीक के रूप में प्रयुक्त हुए हैं?

(क) आने वाला समय व सुख (ख) बीता हुआ समय व जीवन

(ग ) दुःख व सुख (घ ) सुख व भाग्य

(iv) काव्यांश में 'जीवन में एक सितारा' किसे माना गया है?

(क) अतीत को (ख) मदिरालय को

(ग ) मधुबन को (घ अत्यंत प्रिय व्यक्ति या वस्तु को

(v) 'मधुबन कभी शोर नहीं मचाता कि' कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।

1. उसके फूल सूखने लगे हैं।  2. उसमें कितने पेड़ सूख गए हैं।

3. उसमें कितने फूल लगे हैं।  4. मौसम कैसा हो रहा है।

कूट

(क) केवल 1 सही है  (ख ) केवल 2 सही है

(ग ) 2 और 3 सही है  (घ ) 3 और 4 सही हैं

**प्रश्न** 3.

निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1 × 4 = 4)

i) 'घायल सैनिक ने उठकर शस्त्र उठा लिए।' इसका संयुक्त वाक्य होगा

क ) घायल सैनिक उठा और उसने शस्त्र उठा लिए।

ख ) जैसे ही घायल सैनिक उठा उसने शस्त्र उठा लिए।

ग ) सैनिक घायल हुआ और शस्त्र उठा लिए।

घ ) घायल सैनिक ने उठते ही शस्त्र उठा लिए

(ii) "मैंने एक दुबले-पतले व्यक्ति को देखा।" इसका मिश्रित वाक्य होगा

क) मेरे द्वारा एक दुबले-पतले व्यक्ति को देखा गया।

ख) एक दुबला-पतला व्यक्ति था, जिसे मैने देखा।

ग) मैने एक ऐसा व्यक्ति देखा, जो दुबला-पतला था।

घ) मैने एक व्यक्ति को देखा, वह दुबला-पतला था।

iii ) "मेहुल ने खाना खाया और चला गया।" इसका सरल वाक्य होगा

क ) मेहुल खाना खाकर चला गया।

ख ) मेहुल खाकर चला गया।

ग ) मेहुल ने खाना खाया, इसलिए वह चला गया।

घ ) ज्यों ही मेहुल ने खाना खाया, वह चला गया।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य है

1. जो लोकप्रिय होता है, उसका सम्मान होता है।

2. लोकप्रिय लेखक का सम्मान सभी करते हैं।

3. लोकप्रिय होने पर सम्मान किया जाता है।

4 लोकप्रिय लेखक का सभी ने सम्मान किया।

कूट

क ) केवल 1 सही है  ख ) 2 और 3 सही हैं

ग ) 2 और 4 सही हैं  घ ) 2,3 और 4 सही हैं

v) सयुक्त वाक्य मे .................... होते है
क ) दो या दो से अधिक स्वतंत्र उपवाक्य
ख )एक प्रधान व एक आश्रित उपवाक्य
ग )दोनों आश्रित उपवाक्य
घ ) कोई नहीं

प्रश्न 4 निर्देशानुसार वाच्य पर आधारित पाँच बह्विकल्पी प्रश्नो मे से किन्ही चार प्रश्नो के सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1x 4 = 4 )

i ) कर्तृवाच्य का उदाहरण है
क ) राधा द्वारा बाजार से आम खरीदे गए।
ख ) राधा ने बाजार से आम खरीदे।
ग ) राधा से आम नहीं खरीदे जाते।
घ ) राधा द्वारा आम खरीदे नहीं गए।

(ii) निम्नलिखित में से कर्मवाच्य वाला वाक्य छाँटिए।
क) यह लेख मेरी माँ ने लिखा है।
ख ) यह लेख मेरी माँ द्वारा लिखा गया है।
ग ) यह लेख मेरे पिता ने लिखा।
घ ) मुझसे लिखा नहीं जाता।

(iii ) दिलीप दौड़ा। (भाववाच्य में परिवर्तित कीजिए।)
(क ) दिलीप दौड़कर गया
(ख ) दिलीप दौड़ा और गया
(ग ) दिलीप से दौड़ा गया
(घ ) इनमें से कोई नहीं

(iv ) 'पतोहू ने आग दी' इसका कर्मवाच्य होगा।
(क ) पतोहू से आग दी जाती थी।
(ख ) पतोहू आग देती है।
(ग ) पतोहू द्वारा आग दी जाती है।
(घ ) पतोहू द्वारा आग दी गई।

v ) बालगोबिन भगत कबीर को 'साहब' मानते थे। (कर्म वाच्य में बदलिए)
(क ) बालगोबिन भगत द्वारा कबीर को 'साहब' माना जाता था।
(ख ) बालगोबिन भगत द्वारा कबीर को 'साहब' माना जाता है।
(ग ) बालगोबिन भगत कबीर को 'साहब' मानते हैं।
(घ ) बालगोबिन भगत से कबीर को 'साहब' माना जाता है।

**प्रश्न 5** निर्देशानुसार' पद परिचय ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नो मे से किन्ही चार प्रश्नो के सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1x 4 = 4 )

<u>धान</u> के खेतों मे <u>छोटे</u> बच्चे <u>उछल</u> रहे है <u>। वहाँ</u> धूप का नाम नहीं <u>लेकिन</u> सब मस्ती कर रहे है ।

i) धान

क) व्यक्तिवाचक संज्ञा ,बहुवचन ,पुल्लिंग ,सबंधकरक

ख) जातिवाचक संज्ञा ,बहुवचन ,पुल्लिंग ,कर्ताकार

ग) जातिवाचक संज्ञा ,बहुवचन ,पुल्लिंग ,सबंधकरक

घ ) व्यक्तिवाचक संज्ञा ,बहुवचन ,पुल्लिंग ,कर्ताकारक

ii) छोटे

क ) परिमाणवाचक विशेषण , बच्चे विशेष्य , बहुवचन, पुल्लिंग

ख ) संख्यावाचक विशेषण , बच्चे विशेष्य , बहुवचन, पुल्लिंग

ग ) गुणवाचक विशेषण , बच्चे विशेष्य , बहुवचन, पुल्लिंग

घ ) परिमाणवाचक विशेषण , बच्चे विशेष्य , एकवचन , पुल्लिंग

iii) उछल

क ) सकर्मक क्रिया , बहुवचन, पुल्लिंग ,वर्तमानकाल

ख ) सकर्मक क्रिया , एकवचन, पुल्लिंग ,वर्तमानकाल

ग ) अकर्मक क्रिया , बहुवचन, पुल्लिंग ,वर्तमानकाल

घ ) अकर्मक क्रिया , एकवचन, पुल्लिंग ,वर्तमानकाल

iv) वहाँ

क ) रीतिवाचक क्रिया विशेषण ,कर रहे है क्रिया का विशेषण

ख ) कालवाचक क्रिया विशेषण ,कर रहे है क्रिया का विशेषण

ग ) स्थानवाचक क्रिया विशेषण ,कर रहे है क्रिया का विशेषण

घ ) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण ,कर रहे है क्रिया का विशेषण

v) लेकिन

क ) समानाधिकरण समुच्चयबोधक योजक , दो वाक्यो को जोड़ रहा है

ख ) समानाधिकरण समुच्चयबोधक योजक , दो शब्दो को जोड़ रहा है

ग ) व्यधिकरण समुच्चयबोधक योजक , दो वाक्यो को जोड़ रहा है

घ ) व्यधिकरण समुच्चयबोधक योजक , दो शब्दो को जोड़ रहा है

**प्रश्न 6**.

निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।करूं

(1 × 4 = 4)

(i) देखि सुदामा की दीन दशा करूणा करिके करुणा निधि रोए। पानी परात को हाथ छुयो नहिं नैनन के जल सों पग धोए। पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा (ग) मानवीकरण (घ) अतिशयोक्ति

(ii)'मेघ आए बन ठन के' इसमें कौन– सा अलंकार है?

क. मानवीकरण अलंकार ख. उपमा अलंकार

ग. यमक अलंकार घ. अनुप्रास अलंकार

(iii ) 'मेघमय आसमान से उतर रही है संध्या सुंदरी परी सी धीरे-धीरे।' इन काव्य-पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है?

(क) मानवीकरण (ख) उत्प्रेक्षा (ग) श्लेष (घ) अतिशयोक्ति

(iv) 'सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौ करुई ककरी ' में अलंकार है

(क ) यमक (ख ) श्लेष (ग ) उत्प्रेक्षा (घ ) अनुप्रास

v) 'जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय।
बारे उजियारो करै, बढ़े अँधेरो होय।। में प्रयुक्त अलंकार है'

(क ) श्लेष (ख ) उत्प्रेक्षा (ग ) मानवीकरण (घ ) अतिशयोक्ति

**प्रश्न 7**.

निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।
(1 × 5 = 5)

नमक-मिर्च छिड़क दिए जाने से ताजे खीरे की पनियाती फाँकें देखकर पानी मुँह में जरूर आ रहा था, लेकिन इनकार कर चुके थे। आत्मसम्मान निबाहना ही उचित समझा, उत्तर दिया, 'शुक्रिया, इस वक्त तलब महसूस नहीं हो रही, मेदा भी ज़रा कमजोर है, किबला शौक फरमाएँ।' नवाब साहब ने सतृष्ण आँखों से नमक-मिर्च के संयोग से चमकती खीरे की फाँकों की ओर देखा। खिड़की के बाहर देखकर दीर्घ नि:श्वास लिया। खीरे की एक फाँक उठाकर होंठों तक ले गए। फाँक को सूँघा। स्वाद के आनंद में पलके मूँद गईं। मुँह में भर आए पानी का घूँट गले से उतर गया, तब नवाब साहब ने फाँक को खिड़की से बाहर छोड़ दिया। नवाब साहब खीरे की फाँकों को नाक के पास ले जाकर, वासना से रसास्वादन कर खिड़ी के बाहर फेकते गए।

(i) गद्यांश के आधार पर बताइए कि लेखक ने क्या कहकर खीरा खाने से मना कर दिया?

(क) खीरा पसंद नहीं है (ख) इस समय इसकी इच्छा महसूस नहीं हो रही है

(ग ) मेरा मेदा भी जरा कमजोर है (घ) (क) और (ग ) दोनों

(ii) नवाब साहब ने खीरे की फाँकों को किस प्रकार देखा?

(क) सतृष्ण आँखों से (ख) वितृष्ण आँखों से

(ग ) तृष्ण से (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) नमक-मिर्च छिड़कर दिए गए खीरे की फाँकों को देखकर लेखक की क्या स्थिति थी?

(क) लेखक उन्हे फेंकने को लालायित हो रहे थे

(ख) लेखक उन्हें खाने को लालायित हो रहे थे

(ग) लेखक उन्हें सूँघने को लालायित हो रहे थे

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) नवाब साहब ने न चाहते हुए भी खीरे को खिड़की से बाहर क्यों फेंका?

(क) वे पहले ही खीरा खाने से इंकार कर चुके थे

ख) वे पहले ही खीरा खाने को हाँ कर चुके थे

(ग ) वे पहले ही खीरा फेंकने को तैयार हो चुके थे

(घ ) इनमें से कोई नहीं

(v) नवाब साहब ने खीरे की फाँकों का स्वाद किस प्रकार लिया?

1. केवल खीरों को देखकर
2. खीरों को खाकर
3. खीरों को होठों तक उठाकर
4. खीरों को सूँघकर

कूट

(क ) केवल 1 सही है (ख ) केवल 2 सही है (ग ) 1 और 3 सही है (घ ) 3 और 4 सही हैं

**प्रश्न 8.**

क्षितिज के गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1 × 2 = 2)

(i) 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर बताइए कि मुहर्रम के दिन बिस्मिल्ला खाँ की आँखें नम क्यों रहती हैं?

(क ) मुहर्रम के दिन शहनाई न बजा पाने के कारण

(ख ) लंबी यात्रा से होने वाली थकान के कारण

(ग ) दूसरों के दु:ख-दर्द देखने के कारण

(घ ) इमाम हुसैन और उनके परिवार के लोगों की शहादत के कारण

(ii) नवाब साहब खीरे को बाहर फेंककर क्यों लेट गए?
(क) वे खीरे की तैयारी व इस्तेमाल से थक गए थे
(ख ) उन्हें खीरा खाकर नींद आ गई थी
(ग ) वे लेखक को अपने खानदानी शौक दिखाना चाहते थे
(घ ) खीरा खाकर उनका पेट भर गया था

**प्रश्न 9.**

निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1 × 5 = 5)

मन की मन ही माँझ रही।
कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही।
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही।
चाहति हुती गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही।

(i) काव्यांश के आधार पर बताइए कि किनकी अभिलाषाएँ मन में ही रह गईं?
(क) गोपियों की (ख) कृष्ण की (ग) उद्धव की (घ) कवि की

(ii) गोपियों के जीने का आधार क्या था?
(क) कृष्ण के आने की आशा (ख) कृष्ण का योग संदेश
(ग) मन की अभिलाषा (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) गोपियाँ विरह की ज्वाला में क्यों जल रही है?
(क) कृष्ण के योग के संदेश से (ख ) उद्धव के संदेश से
(ग ) कृष्ण के चले जाने से (घ ) इनमें से कोई नहीं

(iv) काव्यांश के आधार पर बताइए कि गोपियाँ उद्धव से श्रीकृष्ण के बारे में क्या कहती हैं?
(क) उन्होंने हमसे मिलने का वादा भुला दिया है (ख ) उन्होने सभी मयांदाओं का त्याग कर दिया है
(ग ) उन्हें हमारे पास आना चाहिए था (घ ) हम उनसे मिलने मथुरा जाएँगी

(v) प्रस्तुत काव्यांश में सूरदास किसके माध्यम से अपनी बात कह रहे हैं?
(क) उद्धव के माध्यम से (ख) गोपियों के माध्यम से
(ग) कृष्ण के माध्यम से (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 10.**

पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1 × 2 = 2)

(i) 'आत्मकथ्य' पाठ के आधार पर बताइए कि 'गागर रीति का अर्थ है

(क ) खाली कटोरा (ख ) खाली घड़ा (ग ) खाली जमीन (घ ) खाली डब्या

(ii) 'अट नहीं रही है' कविता की प्रमुख विशेषता क्या है?

(क) इसमें कवि ने प्रकृति का मानवीकरण किया है

(ख) फागुन माह के अद्वितीय सौंदर्य का वर्णन किया है

(ग) प्रकृति की कोमलता व मनोहरता का जीवंत चित्रण किया है

(घ) ये सभी

खंड ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्रश्न 11.**

गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (2 × 3 = 6)

(क) हालदार साहब के द्वारा कैप्टन के बारे में पूछने पर पानवाला अपनी आँखें क्यों पोंछने लगा? 'नेता जी का चश्मा' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ख) नवाब साहब द्वारा किए गए किस कार्य से लेखक को पात्र, घटना आदि की अनुपस्थिति में कहानी लिखने की प्रेरणा मिली?

(ग) बालगोबिन भगत का गीत-संगीत आत्मा को परमात्मा से मिलाने का महत्त्वपूर्ण साधन था। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'संस्कृति' पाठ के आधार पर सुसंस्कृत व्यक्ति किसे कहा जा सकता है? स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 12.**

निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (2 × 3 = 6)

(क) लक्ष्मण और परशुराम के मध्य हुए वाद-विवाद का क्या कारण था? 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ख) कवि ने बादलों की सुंदरता का बखान किस प्रकार किया है? 'उत्साह' कविता के आधार पर वर्णन कीजिए।

(ग) 'आत्मकथ्य' पाठ के आधार पर कवि अपने जीवन की दुर्बलताओं को क्यों नहीं बताना चाहता था?

(घ) 'भ्रमर गीत' में सूरदास ने गोपियों की विरह-विवशता को कैसे प्रकट किया है?

**प्रश्न 13.**

पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। (4 × 2 = 8 अंक )

(क) लेखक के मन में हिरोशिमा पर गिरे अणु बम के कारण विज्ञान के इस दुरुपयोग के प्रति विद्रोह था। उसके मन में एक विवशता का जन्म हुआ। 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लेखक की इस भीतरी विवशता का वर्णन कीजिए।

(ख) पर्यावरण को संरक्षित करना मनुष्य का नैतिक कर्तव्य है। इसे संरक्षित करने में आपकी क्या भूमिका हो सकती है? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ को दृष्टि में रखते हुए उत्तर लिखिए।

(ग) बच्चे आपस में हुए झगड़े, रोना-धोना आदि को मन में अधिक देर तक नहीं रखते। 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर इस कथन पर उदाहरण सहित अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 14.**

निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। **6x1 = 6** अंक

(क) सिनेमा का समाज पर प्रभाव

संकेत बिंदु (भूमिका, नैतिकता ,हिंसा ,सिनेमा एवं व्यवसाय के मध्य संबंध )

(ख ) कृतिम बुद्धिमत्ता ( AI)

संकेत बिन्दु (भूमिका, भविष्य, चिंता, निष्कर्ष)

(ग ) विद्यालयों की जिम्मेदारी-बेहतर नागरिक बोध

संकेत बिंदु (भूमिका,राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व,व्यक्तित्व निर्माण , कर्तव्य का बोध)

**प्रश्न 15.**

किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। **5 अंक**

आप **राजेश प्रसाद** हैं। आपके क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही के कारण डेंगू फैलने पर उसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग का ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

अथवा

आप **कौशल /सुप्रिया** हैं। आप छात्रावास में रहते हैं। आपको पिताजी से पता चला कि आपका छोटा भाई धूम्रपान

करता है। इस व्यसन के दोषों का उल्लेख करते हुए तथा उसे इससे मुक्त होने की सलाह देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न** 16. **5 अंक**

आप **अश्वनी कुमार / सुनीता देवी** हैं। आप एम.कॉम कर चुके हैं। आपको डी.ए.वी. स्कूल में अ ब स नगर कंप्यूटर अध्यापक पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए आप अपना संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग **80 शब्दों** में तैयार कीजिए।

अथवा

आप **अनुराग / इशिका** हैं। आपने बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता खुलवाया है, लेकिन आपको अभी तक चैक बुक नहीं मिली। इसकी शिकायत करते हुए बैंक प्रबंधक को चैक बुक भिजवाने के लिए लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए।

**प्रश्न** 17. **4 अंक**

आप स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं, पल्स-पोलियो के प्रचार-प्रसार के लिए स्थानीय समाचार-पत्र में उसका विज्ञापन देना चाहते हैं। आप उनके लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

आप **रितिक / रितिका** हैं। आपके विद्यालय में किसी प्रसिद्ध संगीतकार का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसके लिए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए।